हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 नवंबर 2025

06 बैतूल बाजार नगर परिषद के दो कर्मचारियों...



07 अन्नदाता कर्ज में डूबा, 800-1200 रुपए क्विंटल में...





## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**सोहागपुर।** सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज गुरुवार 27 नवंबर 2025 को निशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर एवं नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि 27 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक शिविर का आयोजन चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल बैरागढ़ के सौजन्य से होगा। यह आयोजन जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम के द्वारा किया जाएगा। नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि मरीजों को अपने साथ में आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड अथवा वोटर कार्ड की छाया प्रति लानी होगी।

### आयुक्त कार्यालय में ली गई संविधान की शपथ

**नर्मदापुरम।** बुधवार को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय परिसर मे स्थित सभी शासकीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा आयुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने संविधान दिवस की शपथ ली।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 27 नवंबर कलेक्टर कार्यालय परिसर नर्मदापुरम में आयोजित की गई है।

दो किश्तें लेकर भी निर्धारित ऊंचाई तक नहीं बने आवास, 20 से अधिक निर्माण अपूर्ण

# नप सीएमओ ने किया पीएम आवास 1.0 के अधूरे बने आवासों का निरीक्षण

नगर निकाय के माध्यम से सरकार ने पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया था। जिसका गत दिवस नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने अवलोकन किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में नगर निकाय के माध्यम से सरकार ने पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया था। कई लोगों को पूरी राशि भी मिली, लेकिन आवासों की स्थिति अभी अपूर्ण है। इस स्थिति के आवासों का गत दिवस नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने अवलोकन किया है। साथ ही उन्होंने सभी आवासों का निरीक्षण किया।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के टेकरीपुरा, सुभाष वार्ड, मातापुरा वार्ड में शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अंतर्गत निरीक्षण किया। इस दौरान योजना अंतर्गत राशि प्राप्त करने के बाद भी अपने आवास का कार्य पूर्ण नहीं करने वाले हितग्राहियों से धर्मेंद्र शर्मा ने चर्चा की तथा आवास के शेष बचे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

**नागरिकों की मांग,** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के आवेदनों के शपथ पत्रों की हो जांच, भ्रामक जानकारी देने वालों पर हो कार्रवाई



### दी है हिदायत

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा का कहना था कि मैंने उन आवासों का निरीक्षण किया है, जिनके लिए दो किश्तें दी गई हैं, लेकिन मापदंड अनुरूप आवास नहीं बने हैं। हितग्राहियों को हिदायत दी है कि नियमानुसार कार्य करें। अन्यथा दी गई राशि की वसूली की जाएगी।

### आग्रह पर भी नहीं मान रहे

नप में प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा प्रभारी दयाशंकर कुड़मी ने शर्मा को सभी अपूर्ण आवासों का निरीक्षण कराया। शर्मा को कुड़मी ने बताया कि बार बार बोलने तथा आग्रह करने के बाद भी हितग्राही कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं। जिससे योजना की पूर्णता के लक्ष्य को पूरा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुड़मी ने बताया कि पैसा लेने के बाद भी काम में लेटलतीफी की जा रही है, जिससे शासन की महत्वपूर्ण योजना के लक्ष्य तक पहुंच पाने के विलंब हो रहा है। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 भी प्रारंभ हो चुकी है।

### 20 से अधिक आवास अपूर्ण

हरिभूमि प्रतिनिधि ने मामले में बुधवार को सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से चर्चा की। शर्मा ने बताया कि शहर में 20 से अधिक आवास इस स्थिति में हैं जिनके हितग्राहियों को दो किश्तें मिल गई हैं। लेकिन उन्होंने निर्धारित ऊंचाई तक आवास निर्मित नहीं किए हैं। जब तक निर्धारित मापदंड के अनुसार आवास निर्मित नहीं होंगे तब तक रू 50000 की तीसरी किश्त हितग्राहियों को नहीं मिलेगी। सीएमओ ने हितग्राहियों को निर्देश दिए हैं कि तत्काल निर्धारित ऊंचाई तक आवास बनाएं ताकि तीसरी किश्त जारी की जा सके। वहीं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने चेतावनी भी दी है कि तय समय सीमा में यह न करने पर अब तक दी गई दो लाख रुपए की राशि की वसूली हितग्राहियों से की जाएगी।

### इधर भी ध्यान दें

इधर नागरिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में कुछ लोगों द्वारा गलत शपथ पत्र देकर लाभ लेने के प्रयास किये जा रहे हैं। कुछ लोग नप कार्यालय में आवेदन के साथ गलत विवरण देकर लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। नागरिकों ने नप सीएमओ, एसडीएम, कलेक्टर एवं विधायक विजयपाल सिंह से मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की अनंतिम सूची में सम्मिलित सभी आवेदनों व संलग्न शपथ पत्रों की जांच की जाए। जनता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में व्यवस्था की छवि बनाए रखने के लिए गलत जानकारी देने वालों पर कार्रवाई जाएं। उल्लेखनीय की दो माह पूर्व जनसुनवाई में कांग्रेस इस बावत शिकायत कर चुकी है कि शहरी क्षेत्र में गलत लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभ देने की तैयारी की जा रही है।

## महिला अधिकारी से अभद्रता करने पर थाने में मामला दर्ज

### जांच करने पहुंची टीम से की अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथवास में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य एवं कृषि विकास अधिकारी बीएस उईके सहित अन्य सभी शामिल टीम के लोग सभी खाद बीज की दुकानों पर सैंपल देने का कार्य पूरा कर रहे थे। इसी दौरान मां श्री कृषि सेवा केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे थे।

इसी दौरान दुकान के संचालक चैन सिंह ठाकुर पुरवइया ने सैंपल देने से मना कर दिया। तथा निरीक्षण नहीं करने दिया। बल्कि अधिकारी एवं स्टाफ के साथ गाली-गलौच कर निलंबित कराने की तथा जानसे मारने की धमकी दी गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा वीडियो लिया गया। उसके बाद अधिकारियों के द्वारा मंगलवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत पर आरोपी के खलाफ धारा 457/ 2025, 296, 351132,बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने महिला अधिकारी से भद्रता करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

अधिकारी ने बताया कि वह निरीक्षण के लिए पहुंचे थे तो दुकान पर ढेर सारी गेंहू की कट्टा रखें थे।उनके बारे में पूछा गया तो चैन सिंह ने कहा कि जानकारी नहीं है। किसी किसान की है। जबकि बीज बेंच रहें थे तब किसान का नाम पूछा तथा यह कहा की आपको जानकारी नहीं है। इस दौरान दुकान संचालक ने गाली गलौज करते हुए जान। से मारने की धमकी दी गई तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई है। दुकान संचालक चैन सिंह ने बताया कि अधिकारियों के द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था। सैंपल के नाम पर अनर्गल बातें करते रहा। इसलिए रोस आ गया बाकी आरोप ग़लत है।

## थीम के अनुसार होंगे कार्यक्रम कार्निवाल से होगा शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी महोत्सव को लेकर संजय गांधी संस्थान में जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में हुई बैठक। बैठक में दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले पचमढ़ी महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई। पचमढ़ी महोत्सव में इस बार भी कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कार्निवाल में विभिन्न झांकियां ओर अन्य आयोजन किये जायेंगे साथ ही स्कूली बच्चे एवं कलाकार भी हिस्सा लेंगे।

पचमढ़ी महोत्सव ग्राउंड से प्रारंभ होकर पचमढी शहर में घुमाकर वापस से पचमढ़ी महोत्सव ग्राउंड पर ही समाप्त होगा। इस कार्निवाल में गरबा, भांगड़ा, शिव नृत्य, क्रिसमस, आदिवासी नृत्य, प्रस्तुति एवं अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अलावा पचमढ़ी के प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुति दी जाएगी।

## डीईओ, बीआरसी, बीईओ स्कूलों का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार करें

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा को निर्देश दिए की वह संभाग के सभी जिलों के स्कूलों के विद्यार्थियों को शत प्रतिशत नामांकन नंबर आवंटित कराए। साथ ही सभी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक एवं पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं साइकिल का वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिला शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं बीईओ फील्ड में जाकर स्कूलों का भ्रमण करें और स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आवश्यक सुधार लाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिन विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के पद रिक्त हैं वहां प्राथमिकता से उन पदों को भरा जाए। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर तिवारी बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, अनुसूचित जाति विकास एवं जनजाति कार्य विभाग अंत व्यवसायी विकास निगम, आदिवासी वित्त विकास निगम सहित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जिला पेंशन विभाग की संभागीय समीक्षा ले रहे थे।

## मेंटेनेंस के चलते 02 माह तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अपर कलेक्टर जिला नर्मदापुरम श्री राजीव रंजन पाण्डे ने बताया कि उप मुख्य अभियंता, निर्माण प्रथम, प.म.रे., भोपाल के अनुसार, इटारसी के दापार्कहोटल के सामने स्थितR.O.B.05की सरफेस मेंटेनेंस का कार्य दोमाह तक चलेगा। इस अवधि में शहर में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहनों—बस, ट्रक, डम्पर, ट्रॉला आदि—का पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। रेलवे अधिकारी ने इस कार्य के लिए मार्ग परिवर्तन (डायवर्ट) की व्यवस्था की है। 17अक्टूबर2025 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी ने रेलवे अधिकारियो के साथ मिलकर संयुक्त निरीक्षण किया और रिपोर्ट सौंपी। उप पुलिस अधीक्षक यातायात नर्मदापुरम तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने वैकल्पिक मार्गों की शर्त पर यातायात सुचारू रखने का अभिमत दिया। आर.ओ.बी. मेंटेनेंस अवधि में दोमाह के लिए बस, ट्रक, डम्पर, ट्रॉला आदि भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जिसको शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आर.ओ.बी. मेंटेनेंस के दौरान दोपहिया, चारपहिया और अन्य लाइट व्हीकल्स पूर्व की तरह R.O.B. के माध्यम से आजा सकते हैं। उक्त अवधि में भारी वाहनों के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग होशंगाबाद से इटारसी के लिए मार्ग क्रं. 01 ब्यावरा से NH46 फोरलेन, बाईपास, वैकल्पिक मार्ग क्रं. 02 रैसलपुर से NH46 फोरलेन, बाईपास एवं इटारसी से होशंगाबाद के लिए वैकल्पिक मार्ग क्रं. 3 भैंरोबाबा मंदिरतिराहा से NH46 (फोरलेन] बाईपास वायाधौखेड़ा से होगा।

## सोहागपुर में ई-ऑफिस प्रणाली का निरीक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



बुधवार दोपहर सोहागपुर अनुभाग में तहसील कार्यालय, जपं कार्यालय एवं उपमंडल कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के निरीक्षण तथा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला तथा ब्लॉक के अधिकारी सम्मिलित हुए।

जानकारी अनुसार दल में राष्ट्रीय सूचना केंद्र के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष गुणवान, ई-दक्ष केंद्र नर्मदापुरम प्रशिक्षक प्रज्वल शुक्ला तथा नर्मदापुरम जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक संदीप चौरसिया शामिल थे। ट्रेनिंग में एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े, ई-गवर्नेंस सहायक प्रबंधक अनुराग तिवारी एवं तीनों विभाग के कार्यालयीन कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

टीम ने तीनों कार्यालयों में ई-ऑफिस कार्य प्रवाह, फाइल प्रबंधन, ड्राफ्ट संचालन, डायरी डिस्पैच, संदर्भ संलग्नकरण सहित उपयोगकर्ता की भूमिकाओं की वर्तमान स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान प्रक्रियात्मक त्रुटियां या धीमी कार्यप्रणाली पर सुधार के सुझाव एसडीएम को दिये गए। निरीक्षण के बाद जपं सभाकक्ष में प्रशिक्षण हुआ, जिसमें कर्मचारियों को ई-ऑफिस मॉड्यूल्स का चरणबद्ध, व्यावहारिक व हैंड्स-ऑन का प्रशिक्षण दिया गया।

## पूर्व विधायक सविता दीवान ने किया भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

10 नवंबर को पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा परिवार सहित वाहन से नर्मदा परिक्रमा पर गई थी परिक्रमा पूर्ण होने पर गृह ग्राम मारागांव मे नर्मदा तट पर भंडारे प्रसादी का आयोजन किया जिसमें आसपास क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर पूर्व विधायक को भेंट दी एवं भंडारे में प्रसादी पाई भंडारे में सोहागपुर के गृहस्थ संत प्रकाश मुद्गल ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान अनेक भक्त मौजूद रहे।

## संविधान की प्रस्तावना सिर्फ दस्तावेज नहीं अपितु संविधान की आत्माः प्राचार्य चौकसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आज संविधान दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान उसके मूल्यों, तथा नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ किया गया। जयसिंह ठाकुर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम की रूपरेखा और विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ कल्पना विश्वास ने बताया कि देश में संविधान नागरिकों के अधिकारों, समानता और न्याय की रक्षा करने वाला सशक्त साधन है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने भारतीय संविधान की निर्माण प्रक्रिया, संविधान सभा की भूमिका मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना केवल कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि संविधान की आत्मा है। संविधान का अध्ययन करें । तत्पश्चात संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसी क्रम में श्रीमती नित्या पटेरिया के मार्गदर्शन में स्लोगन प्रतियोगिता में मनोज कीर प्रथम, अर्पित दुबे द्वितीय तथा कशिश केवट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आन्या छाबड़िया, हर्षित मेहरा,माही गोस्वामी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

## पचमढ़ी में मनाया गया संविधान दिवस कार्यक्रम, ली गई शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सांदीपनि विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षक संजय टिकार द्वारा संविधान का महत्व और उसकी की अनेक विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया,साथ ही संविधान के निर्माण में बाबा साहब अंबेडकर के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के अंत में संविधान की प्रस्तावना का वाचन श्री टिकार द्वारा किया गया जिसे बच्चों ने दोहराया। विद्यार्थियों में संविधान की जानकारी जानकारी प्राप्त कर हर्ष व्याप्त देखा गया।

इस अवसर पर स्टाफ के शाहीन मंसूरी, अंसार खान,डाइट से दिव्या किरार, आशा पटेल और आउटसोर्सिंग शुभेन्द्र जगत उपस्थित रहे।

जमनी मंदिर में सीताराम संकीर्तन और भंडारा कार्यक्रम संपन्न

# अखंड रामायण पाठ के 34 वर्ष हुए पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय पुण्य जमनी सरोवर मंदिर में बुधवार को श्री सीताराम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजन किये गए। ये आयोजन मंदिर में जारी अखंड रामायण पाठ के 34 वर्ष पूर्ण होने पर किये गए। पुण्य जमनी सरोवर न्यास की ओर से प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को मंदिर परिसर में सुबह आठ बजे से श्री सीताराम संकीर्तन प्रारंभ किया गया। इसके पहले मंदिर में भगवान हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार कर पूजन किया। वहीं देर शाम भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए तथा प्रसादी प्राप्त की।

### 34 वर्ष से अनवरत जारी

क्षेत्र में शिक्षा संत के नाम से ख्यात रहे सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी स्व. शंकर प्रताप सिंह के प्रयासों से 26 नवंबर 1991 से जमनी पुण्य सरोवर के मंदिर में अखंड मानस पारायण पाठ प्रारंभ किया गया था। यह अखंड रामायण पाठ अखंड ज्योत के पावन सानिध्य में 34 वर्षों से आज भी निरंतर जारी है। जमनी सरोवर न्यास से प्राप्त जानकारी अनुसार संत शिरोमणि चांदीखेड़ी वाले दादा जी भगवान की परम कृपा से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ था। अखंड पाठ के 34 वर्ष पूर्ण होने पर सीताराम संकीर्तन व भंडारा आयोजन किये गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।



## कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संविधान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के नेतृत्व में में सम्मानित कांग्रेसजनों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब को याद करते हुए उनके द्वारा निर्मित संविधान पर प्रकाश डाला इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कपिल फोजदार, नर्मदापुरम नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, नर्मदापुरम नपा नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, मधुसूदन यादव अजय सैनी, फेजान उल हक अजय दुबे बबलू राठौर कुलदीप राठौर, गुलाम हैदर अशोक अहीरवार कमलेश बाथरे अंकित दुबे, विशाल प्रधान सूरज तिवारी प्रताप ठाकुर ऋतिक चौहान नसीम कुरैशी लखन यादव राजेंद्र दोहरे ग़ुमान मांडले शेख पप्पू आफरीद अफराज रिजवान खान आदि मौजूद रहे।

### ताने से परेशान थे दोनों, सुसाइड नोट में जताया दर्द, जांच में जुटी पुलिस

# बैतूल बाजार नगर परिषद के दो कर्मचारियों के शव कुएं से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल बाजार नगर परिषद में दैनिक वेतन भोगी दो कर्मचारियों का शव बुधवार सुबह बयावाड़ी के पास एक ही कुएं से बरामद हुआ। दोनों कर्मचारी मंगलवार रात से गायब थे। पुलिस ने दोनों शवों को निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया है और सुसाइड नोट मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान रजनी डुंडेले (48) और मिथुन (29) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, दोनों मंगलवार रात करीब 9 बजे से लापता थे। महिला का मोबाइल घर में ही मिला, जबकि मिथुन की लोकेशन उसके खेत के आसपास मिली थी। बुधवार सुबह उनकी बाइक और चप्पल कुएं के पास मिलीं। इसके बाद पुलिस ने खोज कर पहले रजनी और फिर मिथुन के शव को निकाला। पुलिस को परिजनों ने एक डायरी में सुसाइड नोट लिखा दिया है। जो महिला के घर पर मिला। घर का दरवाजा तोड़ने पर डायरी में महिला ने सुसाइड नोट लिखा था। सूत्रों के अनुसार, महिला ने उसमें लिखा है कि ऑफिस के लोग मुझे गलत नजर से देखते हैं, मेरे चरित्र पर सवाल उठाते हैं। मैं तानों और प्रताड़ना से परेशान हूं। महिला के दामाद बृजेश ने बताया कि वह कुछ दिनों से बहुत परेशान चल रही थी। कल रजनी की बेटी और मेरी पत्नी से भी बात हुई थी, तो उसने कहा था कि मैं ऑफिस का टेंशन झेल नहीं पा रही हूं, कुछ कर लूंगी। रात 7 बजे से उसे कॉल किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। जब घर पहुंचे तो ताला लगा था। सीसीटीवी में देखा तो वह भरकावाड़ी की तरफ जाती दिखी। रात ढाई बजे कुएं से लाश मिली। उन्होंने बताया कि रजनी अपने साथी कर्मचारी मिथुन को बेटे जैसा मानती थी, लेकिन ऑफिस में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर गलत बातें करते थे। इसी कारण वह मानसिक रूप से टूट गई थी। मिथुन के भाई विनय ने कहा कि रात को वो घर से गया था, फिर लौटा नहीं। रात ढाई बजे पता चला कि महिला की लाश मिली है। वहीं भाई की चप्पल और बाइक भी पड़ी थी। हमें और कुछ नहीं पता। एसडीओपी सुनील लाटा ने बताया कि दोनों शव एक ही कुएं से बरामद हुए हैं। खोज के दौरान मिथुन का शव भी कुंए में लगी मोटर के नीचे फंसा मिला। महिला के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कार्यालय के कुछ कर्मचारियों पर मानसिक प्रताडऩा का आरोप लगाया है। टीआई अंजना धुर्वे ने कहा, पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच की जा रही है। सुसाइड नोट की सत्यता की पुष्टि की जा रही है।

### राजधानी के अस्पताल में भर्ती

## बैतूल के भीमपुर में एसआईआर के काम में जुटे बीएलओ को आया अटैक



**बैतूल।** एसआईआर के कामों में तेजी लाने की प्रशासन की सख्ती के कारण बीएलओ की जान पर बन आ रही है। देश के अलग अलग राज्यों में काम के दबाव में खुदकुशी करने के मामले सामने आ चुके है। जिसमें हमारा मध्यप्रदेश भी शामिल है। हाल ही में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के भीमपुर में ऐसा ही मामला सामने आया है। इसमेंएसआइआर के काम में लगे शिक्षक कर्मचारी बीएलओ को एसआईआर के काम के दौरान अटैक आ गया। साथी कर्मचारी ने उनकी तबीयत बिगड़ते देखकर उन्हें तुरंत भैसदेही के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां पर हालत गम्भीर होने पर उन्हें भोपाल रेफर किया गया। उनकी हालत फि लहाल अंडर कवर बताई जा रही है। बैतूल जिले के भैंसदेही क्षेत्र के एसडीएम अजीत सिंह मेश्राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भैंसदेही के चौटापोपटी गांव के स्कूल के शिक्षक बिहारी लाल आहाके को मतदान केंद्र क्रमांक 139 का बीएलओ बनाया गया है। वे मंगलवार की शाम चार से पांच बजे के बीच स्कूल में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक अटैक आ गया। इस दौरान वहां पर मौजूद अतिथि शिक्षक ने उनकी तबीयत बिगड़ती देखकर उन्हें भैंसदेही अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें देखकर हालत गंभीर बताई। इस पर उन्हें तुरंत भोपाल रैफर कर दिया है। भैंसदेही एसडीएम श्री मेश्राम ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल ठीक है, तथा उनका इलाज जारी है। शिक्षक की इस तरह अटैक आने के पीछे की वजह परिजनों द्वारा एसआईआर के काम का दबाव होने का हवाला दिया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि वे देर रात तक कम कर रहे थे और वरष्ठि अधिकारियों से समय सीमा में काम करने के लगातार निर्देश फोन पर मिल रहे थे। इसके कारण इस तरह की स्थिति बनी है। इधर इस घटना से जिले के शिक्षक संगठनों में रोष है। हालांकि अधिकारी इससे इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षक का काम काज ठीक है। एसआईआर में उनका काम 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका था। इसलिए किसी तरह का दबाव होने की बात सही नहीं मना जा सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा मनाया गया संविधान दिवस व शहीद दिवस



**सारनी।** अंतरराष्ट्रीय मानव सुरक्षा संगठन ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम के प्रभारी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर के विचार से शिक्षा, समानता, और आर्थिक विकास की कुंजी माना, शिक्षित बनो, संगठित रहो संघर्ष करो का नारा दिया। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाले धर्म को प्राथमिकता दी, उन्होंने शिक्षा को सामाजिक और आर्थिक ,विकास की कुंजी माना ,भाईचारे को बढ़ावा देने वाले धर्म को प्राथमिकता दी, उन्होंने महिलाओं के उत्थान को समुदाय की प्रगति का पैमाना माना और जाति व्यवस्था पर करारा प्रहार किया। पूरी टीम ने सारनी में न्यू बस स्टैंड के पास शाहिद स्मारक पर जाकर शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और नमन किया। कार्यक्रम के प्रभारी कृष्णा साहू ने कहा आज हम जितनी स्वतंत्रता और सुरक्षा से हमारे देश में है । यह उन वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की वजह से है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष, सतीश बौरासी, जिला महामंत्री संतोष कैथवास, जिला, मंत्री राकेश सोनी, अशोक छिपने, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, वीरू सोनारे, जिला संयुक सचिव पवन चौरसिया, मोनू बतरा अंकित अग्रवाल आदि रहे मौजूद।

### संविधान दिवस पर नगर पालिका में लिया संकल्प उद्देशिका का वाचन

**सारनी।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को नपा परिषद सारनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों ने संविधान उद्देशिका का वाचन कर संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत नपा सभाकक्ष में सुबह 11 बजे हुई। नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, मुख्य नपा अधिकारी सी.के. मेश्राम ने कार्यालय में स्थापित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। विनायक बागड़े ने संविधान निर्माण की संक्षिप्त जानकारी दी। इसके बाद उद्देशिका का वाचन कर सभी ने संविधान, सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करने, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता स्थिति की समानता प्रदान करना है।

## जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भव्य खेल ग्राउंड बनाया जाएगाः संदीप पटेल



**हरदा।** मंगलवार को ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष संदीप पटेल ने नगर के खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भव्य खेल ग्राउंड बनाया जाएगा। जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच लखनलाल भिलाला और उपसरपंच शरण तिवारी ने प्रदेश शासन को राशि स्वीकृत करने के लिए प्रस्ताव सौंपा है। पटेल ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव को जनपद व जिला पंचायत के माध्यम से शासन तक पहुंचाकर स्वीकृति कराई जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद एक वर्ष के भीतर हंडिया को बड़े खेल ग्राउंड की सौगात मिलने की उम्मीद जताई है। इस दौरान गांव के वरिष्ठजन और युवा खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 160 मातृशक्ति और अध्यापिकाओं ने भाग लेकर दिया संगठन शक्ति का संदेश

## मातृशक्ति की 7 दिव्य शक्ति को जगाने किया सप्तशक्ति संगम का आयोजन



**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मातृशक्ति की सात दिव्य शक्तियों श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, कीर्ति, क्षमा और धृति को जागृत करने के उद्देश्य से सप्तशक्ति संगम का प्रेरणादायी और भव्य आयोजन मंगल भवन सलाईपुरा बैतूल बाजार में सम्पन्न हुआ। जनजातीय क्षेत्र में विद्या भारती मध्य भारत और भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र के बैनर तले यह आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वंदना कुंभारे ने की। कार्यक्रम में 160 मातृशक्ति और अध्यापिकाओं ने भाग लेकर नारी नेतृत्व, सांस्कृतिक चेतना और संगठन शक्ति का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना, दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिनमें नारी की ज्ञान शक्ति, आत्मा शक्ति और धैर्य शक्ति का जीवंत चित्रण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संकुल प्रमुख वंदना लिखितकर ने प्रभावी रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वंदना कुमंभारे ने कुटुंब प्रबोधन पर अपने उद्बोधन में कहा कि परिवार भारतीय समाज की मूल इकाई है और इसकी सुदृढ़ता ही समाज की स्थिरता का आधार बनती है। उन्होंने संयुक्त परिवार व्यवस्था के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि आपसी प्रेम, सहयोग, अनुशासन और संस्कार तभी पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होते हैं जब परिवार एक सूत्र में बंधा रहे। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली की भागदौड़ में पारिवारिक संवाद और सामूहिक जिम्मेदारियों का कमजोर होना चिंता का विषय है, इसलिए हर मातृशक्ति का दायित्व है कि वह परिवार को जोडऩे, समझाने और संस्कारों को जीवित रखने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाए। तुलिका पचोरी ने कहा कि नारी किसी भी समाज की प्रेरक शक्ति है और जब नारी आगे बढ़ती है, तो पूरा समाज प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि सप्तशक्ति संगम नारी के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां देने वाला मंच है। मुख्य वक्ता हर्षिता मानकर ने संयुक्त तथा एकल परिवार प्रणाली, नारी नेतृत्व और सात शक्तियों श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, कीर्ति, क्षमा और धृति के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हर नारी में अद्भुत क्षमता होती है, जिसे पहचानकर उन्नति के रास्ते बनाए जा सकते हैं। मुख्य वक्ता वंदना लिखितकर ने भारतीय दार्शनिक दृष्टि से पर्यावरण संरक्षण पर गहन विचार रखते हुए पंचतत्वीय प्रकृति, जीवमात्र के प्रति करुणा, पेड़-पौधों और जीवों को ईश्वर रूप में देखने की भारतीय परंपरा को समझाया। उन्होंने पॉलिथीन मुक्त परिवार और मां के नाम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री व पूर्व मंत्री आज करेंगे सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन



**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 27 नवम्बर को हरदा आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री उइके 27 नवंबर को प्रातः 7 बजे बैतूल से प्रस्थान कर प्रातः9 बजे हरदा आएंगे तथा तहसील हंडिया के ग्राम सोनतलाई में आयोजित शहिद ईलापसिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री शाम 4 बजे हरदा से बैतूल के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके साथ पूर्व मंत्री कमल पटेल शहीद ईलाप सिंह माइको उद्धवहन सिंचाई परियोजना का शुभारंभ करेंगे। सोनतलाई मंडल अध्यक्ष बंशीलाल पवार ने बताया कि जिले के 118 गांव की 39976 हेक्टेयर (1 लाख एकड़) भूमि सिंचाई हेतु शहीद ईलाप सिंह माइको उद्धवहन सिंचाई परियोजना के पाइप लाइन डलने कार्य का शुभारंभ होगा। इस दौरान संजय शाह, मनोहरलाल राठौर, राजेश वर्मा, सहित गजेन्द्र शाह, भारती कमेड़िया उपस्थित रहेंगे।

## अंबेडकर कालेज में भारतीय संविधान दिवस मनाया



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत 26 नवम्बर 2025 को भारतीय संविधान दिवस पर कार्यकम का आयोजन किया गया। सिख सम्प्रदाय के 9 वें गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों के खिलाफ पूरे परिवार ने आवाज उठाई, इनके बलिदान को याद किया गया। कार्यकम की शुरूआत महाविद्यालय के संचालक इंजीनियर धुरव अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। संविधान दिवस पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सुनिल वर्मा ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है। जो देश की एकता, अखण्डता और समानता बनाये रखती है। यह भारत को एक सूत्र में बान्धकर रखती है। बीएड स्कालर्स शारदा इवने वर्षा रावत, प्रहलाद बेले, श्रद्धा सोलंकी एवं लीना झरवडे द्वारा भाषण दिये गये, जिन्हें मेंडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। डॉ. गावंडे ने कार्यक्रम का संचालन करते उद्बोधन में कहा कि संविधान ने हमें बोलने, रहने एवं शिक्षा ग्रहण करने की आजादी दी, यदि हम अपना कार्य ईमानदारी से करते है तो हम संविधान का सम्मान करते है।

### जिले में कई मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने किया सराहनीय कार्य, समय पर पूरा किया टारगेट

# कलेक्टर ने डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजरों का किया सम्मान



**बैतूल।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान जिले में डिजिटाइजेशन कार्य में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों को शाल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला, मुलताई, घोड़ाडोंगरी और भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजरों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची जितनी शुद्ध होगी, लोकतांत्रिक प्रणाली उतनी ही मजबूत होगी। बीएलओ ही वो कड़ी हैं जो घर-घर जाकर मतदाताओं की सही जानकारी इक_ा करते हैं और उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सटीक रूप में दर्ज करते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण बड़ी जिम्मेदारी होती है। पात्र मतदाताओं के नाम जोडऩा, गलत प्रविष्टियों को सुधारना और जो अपात्र हैं उन्हें हटाना ये काम बेहद संवेदनशील हैं। आप सभी ने समय पर और गुणवत्तापूर्ण काम कर सराहनीय कार्य किया है। बैतूल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -131 के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 150 के बीएलओ बारीकराव सरियाम प्राथमिक शिक्षक ने 558 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया है। इसी प्रकार मतदान केंद्र क्र 170 के बीएलओ सुनिल पदाम शिक्षक ने 519 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन तथा मतदान केंद्र 221 के बीएलओ दिनेश माथनकर शिक्षक ने 529 मतदाताओं का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया है। घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-132 के मतदान केंद्र 9 के बीएलओ सुरे सिंह काजले प्राथमिक शिक्षक ने 163 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन, मतदान केंद्र 87 की बीएलओ पूजा मंडल माध्यमिक शिक्षक ने 506 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया। इसी प्रकार भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र क्र-133 के मतदान केंद्र 37 की बीएलओ श्रीमती सकुन उइके आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, डीसीएस सर्वेयर पप्पू उईके ने 121 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य तथा मतदान केंद्र 318 के बीएलओ पांडुरंग अमरघड़े प्राथमिक शिक्षक, सहायक शंकर चरपे शिक्षक व ग्राम कोटवार राम भाऊ ने 327 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया है।

### इन बीएलओ सुपरवाइजरों ने किया शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन

**आमला** विधानसभा क्षेत्र क्र-130 के बीएलओ सुपरवाइजर पुरुषोत्तम यादव उच्च माध्यमिक शिक्षक, रामप्रसाद पाल उच्च माध्यमिक शिक्षक तथा अनिल बिंझाड़े उच्च माध्यमिक शिक्षक ने अपने प्रभार के 10 मतदान केन्द्रों पर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण किया है, जो मध्यप्रदेश में सर्वप्रथम शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाली विधानसभा है। इसी प्रकार मुलताई विधानसभा क्षेत्र 129 के बीएलओ सुपरवाइजर माधव कुमार बिसंद्रे उच्च माध्यमिक शिक्षक ने 99.27 प्रतिशत तथा बीएलओ सुपरवाइजर श्री हेमन्त कुमार पाटील उच्च माध्यमिक शिक्षक ने 98.91 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है।

## आमला ने रचा कीर्तिमान, एसआईआर सर्वे में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान



**आमला/ बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित एसआईआर सर्वे में बैतूल जिले की आमला विधानसभा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आमला विधानसभा ने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य सबसे पहले पूरा कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। कुल 2,19,778 मतदाताओं में 100 फीसदी मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग, बीएलओ और सुपरवाइजर्स की मेहनत तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की सतत निगरानी का परिणाम रहा कि आमला विधानसभा ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हैं। एसआईआर सर्वे के दौरान आमला के बीएलओ और सुपरवाइजर की टीम ने घर-घर पहुंचकर डेटा संग्रह करने के साथ जन्म-मृत्यु, निवास, पहचान एवं अन्य दस्तावेजों का सत्यापन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया। दूरस्थ क्षेत्रों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य प्रस्तुत किया।

## प्रथम स्थान आने पर 97 बीएलओ का सम्मान



**सारनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मध्यप्रदेश सहित देश के 12 राज्यों में एसआईआर मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। गणना पत्रकों के एकत्रीकरण एवं डिजीटलाईजेशन में आमला विधानसभा क्षेत्र 130 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बड़ोनिया ने सारनी में सभी बीएलओ, सुपरवाइजरों एवं सहायक स्टॉफ का सम्मान किया। नगर पालिका क्षेत्र में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सूर्यवंशी, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बड़ोनिया के निर्देशन में किया जा रहा है। एसआईआर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 130 आमला अंतर्गत नगर पालिका सभाकक्ष में सभी 97 मतदान केंद्रों से एकत्रित किए गए गणना पत्रकों का डिजीटलाईजेशन में आमला वि.स. क्षेत्र प्रथम स्थान पर रहा। इस उपलब्धि पर बीएलओ सम्मान समारोह स्थानीय मंगल भवन सारनी में आयोजित किया गया। इसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वि.स. क्षेत्र 130 (आमला) शैलेंद्र बड़ोनिया द्वारा घोड़ाडोंगरी तहसीलदार संध्या रावत, सारनी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, जनपद सीईओ तीजा पवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, नगर पालिका के नोडल अधिकारी केके भावसार को सम्मानित किया गया। इनकी उपस्थित में सभी 97 बीएलओ, 10 सुपरवाईजरों और सहायक स्टॉफ का भी सम्मान किया गया। एसडीएम आमला ने कहा कि आमला विधानसभा क्षेत्र में टीमवर्क के साथ पूरा काम हुआ है।

## संक्षेप खबर

### नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 19 में निरीक्षण किया



**इटारसी।** बुधवार को वार्ड क्रं 19 भारत माता चौराहा के पास पेवर ब्लॉक के कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने निरीक्षण किया गया।बता दे कि विगत दिनों पार्षद राहुल प्रधान द्वारा यहां खुदाई का कार्य चालू कराया गया था। नगरपालिका निधि से यहां पेवर ब्लॉक लगाए जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद राहुल प्रधान निर्माण शाखा से पुनीत मालवीय राकेश मालवीय शिवकांत मालवीय ओर संजय युवने उपस्थित रहे

### नहर में उतरा ट्रैक्टर

**इटारसी।** बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सोमलवाड़ा के पास रेगुलेटर स्थित छोटी नहर में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर फिसलकर नहर में उतर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर को नहर में ही खड़ा छोड़कर मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रैक्टर अभी तक नहर में ही खड़ा रहा और उसे बाहर नहीं निकाला जा सका। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## 2.75 लाख क्विंटल मक्का औने-पौने दाम में बिका, किसान के सामने खड़ा हुआ संकट

# अन्नदाता कर्ज में डूबा, 800-1200 रुपए क्विंटल में बिक रही फसल, लागत भी नहीं निकल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



केंद्र सरकार जहां "किसानों की आय दोगुनी" करने का दावा कर रही है, वहीं मध्यप्रदेश का मक्का किसान आज सबसे बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है। सीहोर जिले की भैरुंदा तहसील, जो कभी मक्का उत्पादन का प्रमुख केंद्र मानी जाती थी, आज घाटे, कर्ज और बदहाली की कहानी बयां कर रही है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि किसान के सामने दो वक्त की रोटी, बच्चों की पढ़ाई और अगली फसल की बुवाई तक का संकट खड़ा हो गया है।

इस वर्ष खरीफ मौसम में भैरुंदा तहसील में लगभग 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की बुवाई की गई थी। अब तक कृषि उपज मंडी में करीब 2 लाख 75 हजार क्विंटल मक्का की नीलामी हो चुकी है, लेकिन किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पाया। मंडी में मक्का का भाव 800 से 1200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच ही सिमट कर रह गया है, जो उत्पादन लागत से भी आधा है। हालांकि कहीं-कहीं अच्छी गुणवत्ता का मक्का बेहतर दाम पर बिका, लेकिन अधिकांश किसानों की उपज इन्हीं बेहद कम भावों में खरीदी गई।

**एथेनॉल नीति बनी किसानों के लिए अभिशाप :** किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार की एथेनॉल नीति इस संकट की सबसे बड़ी वजह बन गई है। एथेनॉल उत्पादन के लिए अब मक्का के बजाय चावल और धान को प्राथमिकता दी जा रही है। जो प्लांट पहले बड़ी मात्रा में मक्का की खरीदी करते थे, वे अब केवल 10 से 15 प्रतिशत ही मक्का खरीद रहे हैं। इससे बाजार में मांग गिर गई और कीमतें धराशायी हो गईं।

### अब आर-पार की लड़ाई होगी- किसान संगठन

किसान स्वराज संगठन के प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह जाट ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है हमें भीख नहीं, हमारी फसल का सही दाम चाहिए। अगर सरकार ने जल्द एमएसपी पर खरीदी शुरू नहीं की और एथेनॉल प्लांट्स को मक्का खरीदने का आदेश नहीं दिया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदेश के कई जिलों में किसान पहले ही सड़कों पर उतर चुके हैं। धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम की स्थिति बनने लगी है। किसानों का कहना है कि अब यह सिर्फ फसल का नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई बन चुकी है। किसानों के हित में किसान स्वराज संगठन ने की प्रमुख मांगें जिनमें मक्का की तत्काल एमएसपी पर सरकारी खरीदी शुरू की जाए। एथेनॉल प्लांट्स को अनिवार्य रूप से मक्का खरीदने का आदेश दिया जाए। नुकसान झेल रहे किसानों को सीधा मुआवजा दिया जाए। कम भाव पर बिक चुके मक्के का फर्क (अंतर) भुगतान किया जाए शामिल है। आज मक्का के दाम लगभग 10 वर्ष पुराने स्तर पर पहुंच चुके हैं, जबकि लागत कई गुना बढ़ चुकी है। यदि समय रहते सरकार ने ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो हजारों किसान अपनी जमीन बेचने और खेती छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। यह केवल भैरुंदा या सीहोर का नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था का गंभीर सवाल है। किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ है। उसकी अनदेखी का परिणाम आने वाले समय में पूरे देश को भुगतना पड़ सकता है। अब जरूरत है कि सरकार जमीन पर उतरकर तुरंत ठोस निर्णय ले, ताकि किसान को राहत मिल सके और वह फिर से खेती की ओर आशा की नजर से देख सके।

### लागत 1,800–2,200, भाव मात्र 800–1200 किसान कर्ज में डूबा

एक एकड़ में मक्का की खेती पर बीज, खाद, दवा, सिंचाई, मजदूरी और परिवहन सहित 20 हजार से 24 हजार रुपये तक का खर्च आता है, जबकि औसत उत्पादन 15–16 क्विंटल प्रति एकड़ रहता है। यदि फसल 900–1000 रुपये प्रति क्विंटल बिके, तो किसान को प्रति एकड़ हजारों रुपये का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही वजह है कि कई किसान अपनी उपज मंडी में ही छोड़ने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि वे दिन-रात मंडी में बैठे रहते हैं, लेकिन खरीदार उचित दाम नहीं दे रहे।

## इटारसी होशंगाबाद मुख्य मार्ग हुआ बंद, भारी वाहन दो माह प्रतिबंधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

गौहरगंज में 6 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में हिंदू समाज ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को नर्मदापुरम में गौहरगंज में 6 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म में विरोध में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा हिंदू समाज से मिहिर श्रीवास्तव ने बताया है कि हमने मांग की है कि मुस्लिम युवक सलमान को कड़ी से कड़ी सजा और परिवार को न्याय मिले जिससे कोई भी हिन्दू समाज की बेटी के साथ ऐसा कृत्य करने से सोचे। हिंदू समिति से आशीष गुप्ता, आदित्य सेठा, डॉ मयंक तोमर, पुणेश शर्मा, छत्रपाल ठाकुर, जितेंद्र मौर्य, ऋतिक राजपूत, अनिल कीर, रजत यादव, दीपक साहू, महेश, वैभव वर्मा, मुकेश सरयाम, आदि मौजूद रहें।

### कॉलेज में आयोजित किया गया शहीदी दिवस

पिपरिया। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।सिख धर्म के गुरु तेग बहादुर के 350वे शहीदी दिवस में आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय की एन एस एस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया जाता है। प्रशासनिकअधिकारी डा एस के मेहरा ने अतिथियों का स्वागतसम्मान किया। तथा उनके आदर्शों पर चलकर ही बलिदान दिवस को याद रखने की बात कही। मुख्य वक्ता ज्ञानी मजेदर सिंहने अपने उद्बोधन में गुरु तेग बहादुर के जीवन दर्शन का विश्लेषण किया। संचालक सुश्री किटी मौर्य ने किया। आभार एस के बघेल ने किया। प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सभी लोग शामिल हुए।

## जीनियस प्लानेट स्कूल में हुआ मॉक पार्लियामेंट का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संविधान दिवस के अवसर पर जीनियस प्लानेट स्कूल में छात्र संसद मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समीक्षक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शर्मा, रिटायर्ड प्राचार्य संजय दुबे, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के प्रवक्ता गुफरान अंसारी,युवा व्यवसायी हिमांशु अग्रवाल, चिकित्सक डॉ रविंद्र गुप्ता, सरस्वती स्कूल समिति के उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

देश को आजादी दिलाने में जिन महान क्रांतिकारी का योगदान रहा उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई। संपूर्ण कार्यक्रम स्कूल संचालक संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दीकी एवं मनीता सिद्दीकी द्वारा सभी अतिथियों का विद्यार्थियों का हौसला उत्साहवर्धन करने के लिए आभार दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के अंत में 26 नवंबर को मुंबई में हुए अटैक में शहीद हुए शहीदों को 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि देकर किया गया।

## आईएएस वर्मा से माफी की मांग, एफआईआर नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन, इटारसी में सर्व ब्राह्मण समाज का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के विरुद्ध कथित रूप से की गई अमर्यादित एवं अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को इटारसी में बड़ा राजनीतिक और सामाजिक प्रदर्शन देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया।

समाज के प्रतिनिधियों ने कड़े शब्दों में कहा कि संतोष वर्मा का कथन सामाजिक सौहाद्र को बिगाडने, समाज में विवाद और कटुता फैलाने का प्रयास है, तथा यह संपूर्ण ब्राह्मण समाज की मर्यादा, संस्कृति और परंपरा का अपमान है। एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा दिया यह कथन 'सोच-समझकर किया गंभीर संतोष वर्मा के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए। भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।– भविष्य में कोई भी व्यक्ति समाज की बेटियों का अपमान न करे।

इस महत्वपूर्ण प्रदर्शन में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, जिला सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेंद्र ओझा, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, तहसील अध्यक्ष अशोक दुबे, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष प्रकाश दुबे, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, अनिल झा, भी इस दौरान मौजूद रहे। इस विरोध में करणी सेना, राजपूत समाज, और सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने भी भाग लेकर अपना समर्थन जताया।

### इनका कहना है...

आईएएस संतोष वर्मा का बयान सभी समाज की बेटियों का अपमान है, इस तरह की गंदी सोच को हम सहन नहीं करेंगे। ब्राह्मण समाज बल्कि सभी समाज और राष्ट्र की बहन-बेटियों का अपमान है, सरकार से अवार्ड वापस लेने और दंडित करने की मांग करेंगे।

**डॉ.सीतासरन शर्मा,** विधायक

आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज हैं, उन्होंने ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ अशखेल शब्दों का प्रयोग किया है, न उन्होंने माफी मांगी और न ही खेद व्यक्त किया। हम यह सहन नहीं करेंगे, एफआईआर के लिए आवेदन दिया है, नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।

**जितेन्द्र ओझा,** अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज

## वर्धमान स्कूल में भव्य कार्निवाल 'खुशियों का कारवां' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वर्धमान पब्लिक स्कूल में धूमधाम से एक बड़े कार्निवाल का आयोजन किया। जिसकी थीम रखी गई 'खुशियों का कारवां'। कार्निवाल में एक ही जगह पर संपूर्ण भारत की संस्कृति को एक स्थान पर लाने का प्रयास किया गया।

कार्निवाल 'ओपन फॉर ऑल' होने के कारण शाला के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के अलावा शहर के कुछ लोगों ने अपनी रूचि अनुसार विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए। स्टाल में खानपान के अलावा लोगों के मनोरंजन के लिए साइंस एक्जीबिशन, स्क्रे हाऊस, नुक्कड़ नाटक, आर्ट गैलरी, लोक नृत्य एवं ऑर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया। आर्केस्ट्रा में सभी के लिए ओपन एंट्री थी, जिसमें लोगों ने अपनी आवाज से कार्निवाल में समा बिखेरने का काम किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप अनुराधा अग्रवाल (वाइफ ऑफ चीफ जनरल मैनेजर ओएफ इटारसी) एवं एडवोकेट आकांक्षा शर्मा उपस्थित रहीं। शाला संचालक प्रशांत जैन, डायरेक्टर रचना जैन, सहित सभी ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेकर सभी का उत्साहवर्धन किया।

### बोरतलाई गांव में बोरियों के नीचे मिला एशिया का सबसे जहरीला सांप

**इटारसी।** ग्राम बोरतलाई में मंगलवार को एक ग्रामीण के घर के आंगन में रखी बोरियों के नीचे एशिया के सबसे विषैले सर्पों में से एक, रसेल वाइपर की उपस्थिति की पुष्टि हुई। इस सर्प के हेमोटॉक्सिक जहर की भयावहता को देखते हुए, वन विभाग और सर्पमित्रों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया, जिससे क्षेत्र में एक बड़ा जानलेवा हादसा टल गया। रसेल वाइपर को एशिया महाद्वीप के सबसे अधिक जहरीले सर्पों में गिना जाता है। बोरियों के नीचे करीब 4 फीट लंबा यह विषैला सर्प किसी भी क्षण एक बड़ी अनहोनी को अंजाम दे सकता था। सर्पमित्र अभय चौरे को सूचना दी। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन और सर्प विशेषज्ञ अभिजीत यादव के मार्गदर्शन में, सर्पमित्रों की टीम जिसमें अभय चौरे, मोहित मेहरा और सचिन दुलारे शामिल थे।

## कन्या महाविद्यालय इटारसी में मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭इटारसी



शहर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में 76वें संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि भारतीय संविधान को राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान जागृत राजनीतिक चेतना का परिणाम माना जाता है। भारतीय संविधान आजादी के 78 वर्षों के पश्चात भी एक जीवंत दस्तावेज की तरह अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं।

यह देश व समाज की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय के साथ विकसित और बदलता रहता है। डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है यह एक मार्गदर्शक है जो समाज को दिशा देता है। डॉ. संजय आर्य ने कहा कि हम सभी को संविधान का ज्ञान होना चाहिए ताकि हम अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों से परिचित हो सके। सभी छात्राओं को प्राचार्य द्वारा संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थिति थी।

## वार्ड क्रमांक 8 में एसआईआर प्रक्रिया में पार्षद प्रतिनिधि बाबरिया निभा रहे सक्रिय भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वार्ड क्रमांक 8 में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाताओं को व्यापक सहयोग प्रदान करने में पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बाबरिया ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं की समस्याएँ सुनीं और उन्हें 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने, आवश्यक फार्म भरने तथा सभी प्रक्रियाओं को सही तरीके से पूरा कराने में सहायता दी। कई नागरिकों को पुराने रिकॉर्ड में अपना अथवा परिवार के सदस्यों का नाम ढूंढने में कठिनाइयां रही थीं।

बाबरिया ने घरों में पहुंचकर नाम खोजने से लेकर दस्तावेज तैयार करने और फॉर्म-6, 7, 8 भरवाने तक पूरा मार्गदर्शन दिया। दूसरे शहरों से फोन पर ली जानकारी रहने वाली वे बहुएं, जिनकी मूल वोटर जानकारी महाराष्ट्र, विदिशा, होशंगाबाद, बुधनी, हरदा समेत अन्य शहरों में दर्ज थी, उनके लिए भी विशेष प्रयास किए। बाबरिया ने संबंधित नगरों में फोन कर उनके विधानसभा क्रमांक, भाग क्रमांक, सरल क्रमांक और ईपिक आईडी की जानकारी जुटाई और इसे बीएलओ प्रमोद माधव को उपलब्ध कराया। एसआईआर प्रक्रिया को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने में बीएलओ प्रमोद माधव ने भी सक्रिय सहयोग दिया। प्रमोद माधव और राजकुमार बाबरिया की संयुक्त पहल से वार्ड में कई लंबित प्रकरणों का समाधान तेजी से हो रहा है और मतदाताओं को बड़ी राहत मिली। बाबरिया ने कहा कि लोकतंत्र में हर पात्र मतदाता का नाम सूची में होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय नागरिकों ने पार्षद प्रतिनिधि के इस प्रयास को सकारात्मक, जनहितकारी और प्रशंसनीय पहल बताया है।

## आरएमएस चौराहा पर लीकेज बाधित रहेगी पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के आरएसएस चौराहा के समीप मुख्य पेयजल सप्लाई पाइप लाइन में गंभीर लीकेज होने के कारण आज गुरुवार को शहर के दो प्रमुख क्षेत्रों में जल वितरण बाधित रहेगा। नगर पालिका के जल कार्य विभाग की टीम लीकेज की मरम्मत में जुट गई है। हालांकि, जल शाखा प्रभारी और सब इंजीनियर आदित्य पांडेय ने बताया है कि लीकेज की प्रकृति गंभीर है और इसे ठीक करने में अपेक्षा से अधिक समय लगेगा। सब इंजीनियर पांडेय के अनुसार, लीकेज को पूरी तरह ठीक करने में समय लगेगा। इस कारण, हमने निर्णय लिया है कि कल (अगले दिन) बाज़ार एरिया और नेहरूगंज क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी। बाजार एरिया और नेहरूगंज में कल पूरे दिन जल वितरण नहीं होगा। नगर पालिका ने इन क्षेत्रों के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे आज ही अपने दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण कर लें।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

रा.प्र.क्र.0047 अ-20 (3)वर्ष 2025-26

// इश्तहार //

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण मंजू अग्रवाल पत्नि ब्रजमोहन अग्रवाल एवं अन्य-01 निवासी गुरूनानक दाल मिल के पास इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम् ने इस आशय का आवेदन पर अन्तर्गत धारा 109.110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 17 प्लाट नं. 27/2 रकबा 400 व.फु. भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक क्रमांक-01 के पति एवं 02 के पिता ब्रजमोहन अग्रवाल आ. चम्पालाल अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। आवेदकगणों के पति एवं पिता ब्रजमोहन अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 28/10/2022 को हो चुका है जिनके आवेदकगण विधिक वारसान है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारसान नही है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित संपति पर आवेदकगणों का नाम फौती आधार पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 01/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

रा.प्र.क्र.0048 अ-20 (3)वर्ष 2025-26

// इश्तहार //

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक शिया दाउदी बोहरा जमात इटारसी, सोल ट्रस्टी हिज हालीनेंस डॉ सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब व्यवस्थापन मुल्ताजिमा कमेटी अंजुमन ई जमाली निवासी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 17 प्लाट नं 40 रकबा 5000 व.फु. एवं प्लाट नं. 39 रकबा 2325 व.फु. भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक संस्था के नाम पर विधिवत रूप से दर्ज है। आवेदक संस्था की बैठक दिनांक 12/04/2025 को संस्था के पदाधिकारीगण की उपस्थिति में हुई जिसमें दाउदी बोहरा जमात इटारसी जो वक्फ अधिनियम 1995 के अधीन पंजीकृत है जिसका पंजीकरण क्रमांक-27 है जिसका पंजीकरण क्रमांक-27 होशंगाबाद है जिसमें समाज के सोल ट्रस्टी 52 वे दाई अलमुतनक सैयदना डॉ मोहम्मद बुरहानुद्दीन का नाम दर्ज है। सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन साहब की मृत्यु के बाद 53वे दाई अलमुतलक सैयदना मुफदल सैफुद्दीन साहब उक्त पद पर पदस्थ हैं। अतः आवेदक संस्था द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर बोहरा मस्जिद परिसर संस्था के वर्तमान सोल ट्रस्टी सैयदना मुफददल सैफुददीन का नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 01/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**

## मेहरागांव पंचायत लगा रही सडक किनारे कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर से सटी बड़ी ग्राम पंचायत मेहरागांव द्वारा कचरा प्रबंधन में घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। सड़क किनारे कचरे का ढेर तस्वीरों में यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि पंचायत का कचरा नयायार्ड मुक्तिधाम के आगे, कॉन्वेंट स्कूल रोड पर, सड़क के एकदम किनारे फेंका जा रहा है। इतनी बड़ी ग्राम पंचायत के पास कचरा प्रबंधन के लिए कोई उपयुक्त, तय शासकीय भूखंड न होना या कचरे को जिलवानी स्थित अधिकृत स्थल तक न भिजवाना, पंचायत के प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्राम पंचायत पर सवाल स्थानीय लोगों का कहना है कि मेहरागांव जैसी बड़ी पंचायत के लिए कचरा कुप्रबंधन करना अत्यंत निराशाजनक है। इससे स्थानीय निवासियों और स्कूल जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर भी सीधा खतरा मंडरा रहा है।

इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए, क्षेत्र के नागरिकों ने एसडीएम नीलेश शर्मा से इसे तत्काल संज्ञान में लेने की अपील की है। मांग है कि इस लोक न्यूसेंस की बड़ी वज़ह पर त्वरित कार्रवाई की जाए।

## मुस्कान संस्था की बिटिया शिवानी का विवाह संपन्न

# धूमधाम से बजी शहनाई: गायत्री पद्धति से हुआ विवाह जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुस्कान संस्था की बेटी शिवानी का विवाह बुधवार को हर्षोल्लास, परंपरा और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। बारात का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, भगवान सिंह ठाकुर, कृष्ण अग्रवाल और जसबीर छाबड़ा प्रमुख रूप से शामिल रहे। वैवाहिक संस्कार गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा पूर्ण हिंदू परंपरा में संपन्न हुए।

मुस्कान संस्था वर्षों से असहाय एवं वंचित बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और संस्कारमय पालन का बड़ा दायित्व निभा रही है। संस्था की विशेषता यह है कि विवाह योग्य आयु आने पर बेटियों का विवाह वर-वधु की आपसी सहमति, पारिवारिक गरिमा और पूरे सामाजिक सम्मान के साथ कराती है। पिछले वर्षों में संस्था कई बेटियों के विवाह इसी तरह धूमधाम और वैदिक संस्कारों से करा चुकी है। संचालक मनीष ठाकुर ने कहा कि ये हमारी संस्था की बेटियां नहीं, बल्कि हमारी अपनी बेटियां हैं। हम वर-वधु की पसंद को सर्वोपरि रखते हैं, ठीक एक पिता की तरह।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुस्कान संस्था समाज में सेवा और संस्कार की अनूठी परंपरा स्थापित कर रही है। विधायक विजयपाल सिंह ने विवाह संस्कार को प्रेरणादायक बताया। पीयूष शर्मा ने भी आशीर्वाद देते हुए संस्था की प्रशंसा की।

बता दें कि शिवानी का विवाह भाजपा जिला महामंत्री ज्योति चोरे के पुत्र के साथ संपन्न हुआ है।

समारोह में प्रीति शुक्ला, राहुल सिंह सोलंकी, भूपेंद्र चौकसे, गोकुल पटेल, राहुल चोरे, गौरव सिंह बुंदेला, सतीश सांवरिया सहित शहर के अनेक सम्मानित नागरिकों ने वर–वधु को आशीर्वाद दिया। मुस्कान संस्था ने एक बार फिर साबित किया कि-"जहाँ सेवा और संस्कार मिलते हैं, वहीं से समाज को सबसे सुंदर प्रेरणा मिलती है।"




माँ नर्मदा जी के आशीर्वाद एवं कमल जी पटेल के भागीरथी प्रयासों से 118 गांव की 39,976 हेक्टेयर (एक लाख एकड़) भूमि सिंचाई हेतु दिनांक 27/11/2025 को

## शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना

के पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ अवसर पर

पूर्व कृषि मंत्री
म.प्र. शासन

# मा. कमल जी पटेल

## का परियोजना से लाभान्वित कृषकगणों द्वारा हृदय से

# आभार, स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन

सौजन्य : परियोजना से लाभान्वित समस्त कृषकगण, जिला हरदा (म.प्र.)